# कानपुर मेट्रो सुविधा वाला पांचवां शहर बना

## यूपी में मेट्रो

कानपुर | प्रमुख संवाददाता

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को डिपो में बटन दबाकर कानपुर मेट्रो के ट्रायल रन का शुभारंभ किया तो तालियों की गड़गड़ाहट से परिसर गूंज उठा। इसी के साथ कानपुर मेट्रो वाला यूपी का पांचवां शहर बन गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि कानपुर से पहले नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद और लखनऊ के लोग मेट्रो से सफर कर रहे हैं। डेढ़ माह में यहां के लोग भी मेट्रो से सफर करेंगे।

मुख्यमंत्री ठीक 10:49 बजे राजकीय पॉलीटेक्निक परिसर में बनाए गए मेट्रो डिपो में पहुंचे। उनके साथ औद्योगिक विकास मंत्री सतीश महाना और उच्च शिक्षा राज्य मंत्री नीलिमा कटियार भी थीं। सबसे पहले यूपी मेट्रो के प्रबंध निदेशक कुमार केशव ने सीएम को मेट्रो रूट समेत पूरी परियोजना की डिजाइन दिखाई। मुख्यमंत्री ने मेट्रो का निरीक्षण किया और फिर उसे रवाना किया।

> मोदी करेंगे लोकार्पण पेज 14



कानपुर में बुधवार को मेट्रो के ट्रायल रन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को मेट्रो का मॉडल भेंट करते अधिकारी। साथ में औद्योगिक विकास मंत्री सतीश महाना व अन्य।

**02** साल में परियोजना का काम पूरा कर कानपुर मेट्रो ने बनाया रिकॉर्ड

**06** हफ्ते के भीतर कानपुर के लोग मेट्रो से सफर करने का आनंद ले सकेंगे

## वृंदावन में ब्रज रज उत्सव

मथुरा। सीएम योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को ब्रज तीर्थ विकास परिषद के तत्वावधान में वृंदावन में ब्रज रज उत्सव का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि सरकार ने इस उत्सव के साथ देश के हुनर (शिल्पकारों) को एक मंच प्रदान किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने आत्मनिर्भर भारत का नारा दिया था। हुनर हाट इसका प्रमाण है।

> ब्योरा पेज 14